पंजीकरण कार्यालयों की स्थिति

एबिंगडन (Abingdon)	Roysse Court, Bridge Street
बेनबरी (Banbury)	Bodicote House, Bodicote
बाइसेस्टर (Bicester)	The Garth, Launton Road
डिडकोट (Didcot)	197 Broadway
हेनले (Henley)	Regatta Court, Northfield End
ऑक्सफोर्ड (Oxford)	1 Tidmarsh Lane
ऑक्सफोर्ड (Oxford)	John Radcliffe Hospital
वांटेज (Wantage)	Civic Centre, Portway
विटनी (Witney)	Council Offices, Woodgreen

ऑक्सफोर्ड पंजीकरण कार्यालय सोमवार से गुरूवार सुबह 9 से सायं 4:30 बजे तक, तथा शुक्रवार को सुबह 9 से सायं 4 बजे तक खुलता है। अन्य कार्यालयों में रजिस्ट्रार की उपलब्धता, नियोजित भेंट, सूचना या सलाह हेतु कृपया टेलीफोन नम्बर **0845 129 5900** पर संपर्क करें अन्यथा, आप अपनी नियोजित भेट *www.oxfordshire.gov.uk* तथा births पर ऑनलाइन सुनिश्चित कर सकते हैं

इस प्रकाशन के वैकल्पिक प्रारूप निवेदन पर उपलब्ध हो सकते हैं। इसमें अन्य भाषाएं, बड़े मुद्रण, ब्रेल, ऑडियो कैसेट, सीडी या ई–मेल शामिल हैं कृपया 0845 129 5900 पर टेलीफोन करें।

100% पुनःचक्रित कागज
वनस्पति आधारित स्याही द्वारा मुद्रित

उत्पादनकर्ता : ऑक्सफोर्डशायर काउंटी कौंसिल्स डिजाईन एंड मुद्रण युनिट आपकी सभी डिजाईन तथा मुद्रण आवश्यकताओं हेतु एक तीव्र, प्रभावशाली सेवा
फोन : (01865) 815672 • फैक्स : (01865) 204309 C12 6-05 (06/07)

जन्म का पंजीकरण कैसे करें

OXFORDSHIRE COUNTY COUNCIL
www.oxfordshire.gov.uk

आपके शिशु का जन्म पंजीकरण करना

यदि आपके शिशु का जन्म ऑक्सफोर्डशायर में हुआ है, तो जन्म का पंजीकरण काउंटी के किसी भी पंजीकरण कार्यालय में किया जा सकता है। आप उस कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं जो आपके लिए अति सुविधाजनक हो। (विवरण हेतु कृपया सूचना पत्रक का पृष्ठ भाग देखें।)

सर्वप्रथम आपको नियोजित भेंट हेतु हेल्पडेस्क से टेलीफोन नम्बर **0845 129 5900** पर संपर्क करना होगा।

हेल्पडेस्क के कर्मचारी आपकी भेंट का प्रबन्धन करेंगे, बताएंगे कि आपको क्या साथ लाने की आवश्यकता होगी तथा किन्ही भी कठिनाईयों या पूछताछ में आपकी सहायता करेंगे।
आप अपनी नियोजित भेंट

www.oxfordshire.gov.uk - births पर ऑनलाइन भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

आपके शिशु का जन्म 42 दिन के भीतर पंजीकृत हो जाना चाहिये (6 सप्ताह)।

यदि आपके शिशु का जन्म रेडक्लिफ होस्पीटल के वूमन्स सेंटर में हुआ है तथा आपके शिशु को छुट्टी नही दी गई है, तो आप अपने शिशु को लेवल 5 पर स्थित कक्ष 5152 में पंजीकृत कर सकते हैं। इसके लिए आपको नियोजित भेंट की आवश्यकता नही होगी। खुलने का समय वूमन्स सेंटर में प्रकाशित है।

यदि आप ऑक्सफोर्डशायर के बाहर रहते हैं या आपके शिशु का जन्म ऑक्सफोर्डशायर के बाहर हुआ है, तो आप अपने किसी भी सुविधाजनक कार्यालय में **जन्म की घोषणा** कर सकते हैं। विवरण उपयुक्त जिले में भेज दिया जाएगा तथा जन्म प्रमाण–पत्र आपको डाक द्वारा भेज दिया जाएगा। अधिक जानकारी हेतु कृपया हेल्पडेस्क से टेलीफोन द्वारा संपर्क करें।

जन्म का पंजीकरण कौन करा सकता है ?

यदि माता–पिता एक दूसरे से विवाहित है, लेकिन विवाहित न होने की स्थिति में तथा जन्म प्रविष्टी में पिता के विवरण शामिल करने के लिए, माता–पिता दोनो को साथ उपस्थित होना होगा।
यदि यह सम्भव नही है या आपको इस बारे में अधिक सलाह की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन नम्बर **0845 129 5900** पर संपर्क करें।

रजिस्ट्रार क्या सूचनाएं चाहेगा ?

- शिशु की जन्म तिथि एवं जन्म स्थान
- शिशु का लिंग
- आपके शिशु का पूरा नाम एवं उपनाम
- माता–पिता की जन्म तिथि एवं जन्म स्थान
- माता–पिता का पेशा
- माता–पिता के विवाह की तिथि (यदि लागू हो) तथा माता का विवाहपूर्व कुलनाम
- माता–पिता कहां रह रहे हैं ?

पंजीकरण के समय, यदि उपलब्ध हो, तो कृपया अपने शिशु की रेड रिकॉर्ड बुक तथा मातृत्व उन्मुक्ति पत्रक (मैटर्निटी डिस्चार्ज शीट) साथ लाएं।

सुनियोजित भेंट कितने समय की होगी ?

रजिस्ट्रार के साथ आपकी सुनियोजित भेट एकांत में होगी तथा इसमें 30 मिनट तक समय लग सकता है।

कौनसे प्रमाण–पत्र जारी किये जाते हैं ?

- एक लघु जन्म–पत्र निःशुल्क जारी किया जाता है। आप जन्म प्रविष्टी द्वारा लघु अथवा पूर्ण प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इन प्रमाण–पत्रों के लिए अल्प शुल्क वसूल किया जाता है। आपके शिशु के पासपोर्ट हेतु एक पूर्ण प्रमाण–पत्र की आवश्यकता होगी।
- आपके शिशु को चिकित्सक से पंजीकृत करने हेतु एक फॉर्म जारी किया जाता है

नियोजित भेंट, सूचना और सलाह के लिए, कृपया टेलीफोन द्वारा **0845 129 5900** पर संपर्क करें।

यह सूचना पत्रक सामान्य मार्गदर्शन हेतु जारी किया गया है तथा कानून का एक पूर्ण विवरण नही है।

टिप्पणी एवं सुझाव

हम हमारे ग्राहकों द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का स्वागत् करते हैं, चाहे वे सकारात्मक हो या नकारात्मक, तथा जब भी सम्भव होगा हम इनका प्रयोग हमारी सेवा को बेहतर बनाने हेतु करेंगे। यदि आप की कोई टिप्पणी या शिकायत है तो कृपया निम्न से संपर्क करें :

The Superintendent Registrar,
Oxford Register Office,
1 Tidmarsh Lane,
Oxford, OX1 1 NS
अथवा *registeroffice@oxfordshire.gov.uk* पर ई–मेल करें।